## संक्षिप्त खबरें

### त्रिदिवसीय नेशनल एक्सपो का आयोजन 9 से

**रायपुर।** इंदौर इंफो लाइन प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तीनदिवसीय नेशनल एक्सपो (स्टील एंड पॉवर) का आयोजन साइंस कालेज मैदान में 9, 10 एवं 11 दिसंबर को आयोजित कर रही है। उक्त जानकारी इंदौर इंफो लाइन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजकुमार अग्रवाल ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। पत्रकारवार्ता में राजकुमार ने बताया कि यह नेशनल एक्सपो का 12वां आयोजन है। उक्त प्रदर्शनी में 15 हजार से अधिक उत्पादों को लेकर भिलाई मुंबई बैंग्लौर, चेन्नई, नईदिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद जैसे महानगरों से सौ से अधिक उत्पादकर्ता अपने विभिन्न मशीनरी मॉडल को लेकर उपस्थित होंगे। प्रदर्शनी में दस हजार से अधिक विजिटर्स आने की उम्मीद है। स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सौ प्रतिशत सब्सिडी के साथ एमएसएमई क्षेत्र की नेटवर्किंग के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्पादों में स्वचालित कुलिंग टॉवर, मशीन टूल्स, बेरिंग, स्वीच गेयर, टॉयर, वेल्डिंग की उपकरण की नई रेंज प्रस्तुत की जाएगी। उक्त आयोजन में आम नागरिकों के लिए सुबह 11 से शाम 7 बजे तक प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

# कांग्रेस सरकार के 4 साल के काम पर जनता की मुहर



**रायपुर।** भानुप्रतापपुर उप चुनाव की जीत पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भानुप्रतापपुर की जीत कांग्रेस सरकार के 4 साल के कामों पर जनता की मुहर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनायें कांग्रेस संगठन की मजबूती और पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम की नेतृत्व क्षमता कांग्रेस नेताओं की मेहनत का नतीजा यह चुनाव परिणाम है। कांग्रेस संगठन की मजबूती का परिणाम है भानुप्रतापपुर। आदिवासी समाज ने एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी और उसकी नीतियों पर भरोसा जताया है। भानुप्रतापुर की जीत अच्छाई पर बुराई की जीत है। भाजपा एक 15 साल की मासूम बच्ची के दुराचारी के साथ खड़ी थी। कांग्रेस की प्रत्याशी एक शिक्षिका महिला थी। जनता ने भाजपा की बुराई को नकार दिया।

भाजपा ने बलात्कारी प्रत्याशी बनाकर उसका चुनाव अभियान चलाया, जनता ने उसको पसंद नहीं किया। भानुप्रतापपुर में भाजपा और सर्व आदिवासी समाज के प्रत्याशियों के कुल मतों के लगभग बराबर हमारी प्रत्याशी को मिला। पांचवा उपचुनाव जीत कर कांग्रेस ने नया रिकॉर्ड बनाया। 2018 विधानसभा चुनाव में तीन चौथाई से जीतने के बाद लगातार जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ता गया है। यह भरोसा 2023 के आम चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर जनता आर्शिवाद देगी। यह उपचुनाव भाजपा के प्रपंचों पर जनता का करारा जवाब है। भाजपा ने आदिवासी आरक्षण पर भ्रम फैलाने की कोशिश किया था। जनता इस बात को भली-भांति समझ रही थी। आदिवासी आरक्षण भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार के कारण कोर्ट में घटा। कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में कानून बना कर आरक्षण बहाली के लिये रास्ता बनाया है। आरक्षण संशोधन विधेयक के विधानसभा में प्रस्तुत करते समय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जो आचरण दिखाया जनता ने उसका भी जवाब दिया।

बृजमोहन, रमन सिंह, केदार कश्यप, अजय चंद्राकर जैसे नेताओं की दंभोक्ति का भी जनता ने जवाब दे दिया। भाजपा के तथाकथित चुनावी चाणक्य बृजमोहन भी बलात्कारी ब्रम्हानंद को चुनाव नहीं जीता पाये।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिये भानुप्रतापपुर के उप चुनाव में अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया था इसलिए जनता रमन सिंह से नाराज थी, उसने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। रमन सिंह इस चुनाव परिणाम के बाद भूपेश बघेल से माफी मांगे।

पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, सचिव अजय साहू, मीडिया समन्वयक मणी प्रकाश वैष्णव, अजय गंगवानी उपस्थित थे।

## जनादेश का सम्मान, जनता की आवाज बनकर जनहित के लिए काम करते रहेंगे: साव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की अनैतिक जीत है। नैतिक तौर पर कांग्रेस हार गई है। कांग्रेस ने चरित्र हत्या और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर उपचुनाव तो जीत लिया। लेकिन स्पष्ट हो गया कि आदिवासी समाज अब कांग्रेस का साथ छोड़ता जा रहा है। आदिवासी समाज ने कांग्रेस का दावा खोखला साबित कर दिया है। चुनाव में भाजपा और निर्दलीय आदिवासी प्रत्याशी को जितने वोट मिले उतने वोट कांग्रेस प्राप्त नहीं कर पाई। यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस के विकास के दावों में सच्चाई नही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी आरक्षण के नाम पर भ्रमित करने के बाद भी आदिवासी समाज का भरोसा नहीं जीत पाई। कांग्रेस की चारित्रिक हार तो प्रचार के दौरान ही हो गई थी। भानुप्रतापपुर उपचुनाव के परिणाम बता रहे हैं कि कांग्रेस की नैतिक हार हुई है।

## हिमाचल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के जीत केंद्र से मोदी सरकार के विदाई का संकेत

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव एवं हिमाचल में मिली कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि स्पष्ट है हिमाचल की जनता ने मोदी के नेतृत्व को अस्वीकार कर दिया है। हिमाचल में भाजपा की करारी हार 2024 में केंद्र से मोदी सरकार के विदाई के संकेत हैं। गुजरात में चुनाव में भाजपा गुजरात मॉडल की चर्चा नहीं की बल्कि हमेशा की तरह गुजरात की अस्मिता को आगे लाकर गुजरात के इज्जत की बात कह कर जनता से भावनात्मक रूप से वोट लेने में कामयाब रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भानुप्रतापपुर की जनता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के कामों पर मुहर लगाई है। सावित्री मंडावी को जीता कर स्वर्गीय मनोज मंडावी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा ने जिस प्रकार से बलात्कारी को प्रत्याशी बनाया था। भाजपा के आगे आज परिणाम है। भाजपा के प्रत्याशी को भानूप्रतापपुर के माता और बहनों ने खारिज कर दिया। भाजपा में अगर नैतिकता है तो उन्हें अभी भी मासूम बच्ची के गैंगरेप के आरोपी ब्रह्मानंद को झारखंड पुलिस के हवाले करना चाहिए और उस मासूम बच्ची को न्याय दिलाने आवाज उठानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भानुप्रतापपुर चुनाव से साबित हुआ कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यो से जनता में नया भरोसा पैदा किया है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के हर वर्ग के लिये सरकार ने काम किया। किसानों का कर्जामाफ हुआ, धान की भरपूर कीमत 2500 रू. मिल रहा, तेंदूपत्ता संग्राहको के मानदेय को 2500 से बढ़ाकर 4000 रू. प्रति मानक बोरा किया गया, 4.5 लाख से अधिक वन अधिकार पट्टो के पुनरीक्षण का काम कांग्रेस की सरकार ने किया। बस्तर में शिक्षा के प्रचार के साथ सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओ को बढ़ाने के काम कांग्रेस की सरकार ने किया। बस्तर के आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों जिसे भाजपा की रमन सरकार ने वंचित कर दिया था। कांग्रेस की सरकार ने बहाल किया। जेल में बंद आदिवासियों की रिहाई के लिये जस्टिस पटनायक की कमेटी बनाई गयी। लोहंडीगुड़ा के आदिवासियों की जमीनों को वापस कर सरकार ने भरोसे की जो नींव रखी थी वह पिछले चार सालों में और मजबूत हुआ है।



# देवभूमि से परिवर्तन का हुआ शंखनाद - विकास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हिमाचल प्रदेश के चीफ़ आब्जर्वर बनने पर कठिन परिश्रम से ज़मीनी स्तर पर रणनीति बनाते हुए संगठन को मज़बूत किया और हिमाचल के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाते हुए चुनाव लड़कर जीत हासिल की। जीत के लिए हिमाचल प्रदेश के जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यहां का परिवर्तन अब एक बड़ा संकेत लेकर जाएगा, राष्ट्रीय पटल पर जब लोकसभा में भी यह बदलाव नजर आएगा।




गौरतलब हैं कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय को भी हिमाचल चुनाव में अहम जिम्मेदारी दी गई थी जिसमे उन्होंने पार्टी के दायित्वों को निभाते हुए अपने कार्य क्षेत्र के प्रत्याशियों को जीत दिलाई।

# मड़वा विद्युत संयंत्र में कोल शार्टेज की समस्या जल्द खत्म होगी: कटियार

- **नवनियुक्त प्रबंध निदेशक एस के कटियार ने मड़वा विद्युत संयंत्र का निरीक्षण किया**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने कहा कि मड़वा विद्युत संयंत्र में कोल शार्टेज की समस्या जल्द खत्म होगी। उन्होंने आश्वस्त किया है कि गारेपालमा कोल माइंस से जल्द ही विद्युत संयंत्र को प्रतिदिन तीन से चार कोल रैक मिलने लगेगा। नवनियुक्त प्रबंध निदेशक कटियार विद्युत कंपनी के संयंत्रों का निरीक्षण के लिए सोमवार से कोरबा व जांजगीर-चांपा जिले के प्रवास पर रहे। उन्होंने मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक ली।

प्रबंध निदेशक कटियार सुबह सवा 11 बजे विद्युत संयंत्र के अतिथि गृह पहुंचे। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा की अगुवाई में प्रबंध निदेशक कटियार सुबहर 11.30 बजे बाद विद्युत संयंत्र के लिए रवाना हो गए। संयंत्र परिसर में उन्होंने सीडब्ल्यू पंप, ईएसपी, एमसीआर पहुंचकर जायजा लिया। तकनीकी भवन स्थित कांफ्रेंस हॉल में प्रबंध निदेशक ने अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं, विभिन्न वृत्तों के अधीक्षण अभियंता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में प्रबंध निदेशक को पीपीटी के जरिए विद्युत संयंत्र के परफारमेंस एवं अन्य चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रबंध निदेशक ने कहा कि संचारण-संधारण की टीम विद्युत संयंत्र में चिन्हित कर तकनीकी पुर्जों में सुधार करें। इसके साथ ही उन्होंने भंडारण कक्ष में तकनीकी पुर्जों के भंडार का सदुपयोग करने एवं पानी व तेल की खपत में बचत करने के निर्देश दिए। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने चर्चा में बताया कि प्रबंध निदेशक ने आश्वस्त किया है कि मड़वा विद्युत संयंत्र की आवश्यकताओं के लिए वे मुख्यालय स्तर पर सहयोग कर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रबंध निदेशक महोदय की मंशानुरूप विद्युत संयंत्र की दोनों इकाइयों से पूरी क्षमता के साथ विद्युत का उत्पादन करेंगे। प्रबंध निदेशक कटियार दोपहर करीब डेढ़ बजे मुख्यालय रायपुर रवाना हो गए। प्रबंध निदेशक कटियार के प्रवास के दौरान मड़वा विद्युत संयंत्र से सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं रायपुर से कार्यपालक निदेशक (सिविल-प्रोजेक्ट) एमआर बागड़ेएवं मुख्य अभियंता (सिविल-प्रोजेक्ट) देवेंद्र नाथ भी उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़/राजधानी प्रमुख समाचार**

## मुख्यमंत्री गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में हो रहे हैं शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री बघेल अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 7 करोड़ 83 लाख रूपए का करेंगे भुगतान मुख्यमंत्री ने 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.31 क्विंटल गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि ऑन लाईन अंतरित की। गौठान समितियों को एक करोड़ 28 लाख रुपए का किया गया भुगतान महिला समूहों के खाते में एक करोड़ 93 लाख रूपए की लाभांश राशि अंतरित की गई । गोबर विक्रेताओं को अब तक किया गया 188 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक किया गया है 170.05 करोड़ रूपए का भुगतान। पिछले पखवाड़े में गोबर खरीदी के लिए प्रदेश के स्वावलंबी गौठनों ने कृषि विभाग की तुलना में अधिक राशि का भुगतान किया गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई 4.62 करोड़ रुपए की राशि में से 2.88 करोड़ रुपए का भुगतान स्वावलंबी गौठानों ने अपने संसाधनों से और 1.74 करोड़ रूपए का भुगतान कृषि विभाग द्वारा किया गया।

## गरीबों को पीएम ग्रामीण आवास से वंचित करना घोर अन्याय है - अशोक बजाज



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के मोर आवास मोर अधिकार अभियान के अंतर्गत अभनपुर क्षेत्र के ग्राम सिंगारभांठा, सलोनी, सिवनी एवं धूसेरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गरीबों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से वंचित करना घोर अन्याय है। जबकि मोदी सरकार ने हर व्यक्ति का आशियाना पक्का बने इसके लिए इस योजना की शुरुवात की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर आवास का आवेदन पत्र प्राप्त कर रहे हैं। जिसे मुख्यमंत्री को प्रेषित कर सर्वे सूची के आधार पर पात्र हितग्राहियों का आवास प्रकरण तत्काल स्वीकृत करने की मांग की जाएगी तथा ब्लाक, जिला एवं प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष व्यास नारायण साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंदन बघेल, महामंत्री सूरज साहू, भरत बैस, राजेश साहू, इंद्रकुमार साहू, गौरव शर्मा, झड़ी लाल पटेल, सुरेश वर्मा, सुखचंद बारले, राजा दीवान, मानसिंह वर्मा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से अब तक 35 लाख से ज्यादा लोगों का नि:शुल्क इलाज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐसी परिकल्पना की थी स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों का इलाज उनके घर पर ही हो। इसी उद्देश्य के साथ लागू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से अब तक 35 लाख से ज्यादा लोगों का इलाज मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल द्वारा स्लम बस्तियों में पहुंचकर किया गया है। योजना के तहत अब पूरे राज्य के नगरीय क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस 120 मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस योजना के माध्यम से अब तक 7 लाख 96 हजार 182 मरीजों को पैथालॉजी टेस्ट की सुविधा मुहैया कराने के साथ ही 29 लाख 82 हजार 636 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क दवाएं दी गई हैं।छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक राज्य के 169 नगरीय निकायों की स्लम बस्तियों में 47 हजार 840 कैम्प लगाकर लोगों की नि:शुल्क जांच व उपचार कर दवाईयां दी गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगरीय क्षेत्रों की तंग बस्तियों के एवं अन्य जरूरत मंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवायें उपलब्ध कराया जाए।

## पश्चिम बंगाल में बने चक्रवात से हल्की बारिश की संभावना

**रायपुर।** एक गहरा अवदाब दाब दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित है जो पिछले 6 घंटे में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है। यह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में 8.7 डिग्री उत्तर, 50.5 डिग्री पूर्व में, त्रिंकोमाली से 470 किलोमीटर दूर, जाफ्ना श्रीलंका से पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर 610 किलोमीटर दूर, कराईकल से पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर 670 किलोमीटर दूर, चेन्नई से पूर्व- दक्षिण-पूर्व की ओर 750 किलोमीटर में स्थित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए, और अधिक प्रबल होकर चक्रवाती तूफान के रूप में आज शाम या रात में परिवर्तित हो सकता है तथा यह दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी तट-उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी और उससे लगे दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के पास 8 दिसंबर के सुबह पहुंचने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर- पश्चिम की ओर लगातार आगे बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में इस तंत्र के प्रभाव से काफी मात्रा में नहीं आ रही है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश में 9 दिसंबर को दक्षिणी भाग में आंशिक रूप से बादल और 10 दिसंबर को पूरे प्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना है। प्रदेश में 10 दिसंबर को एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## एसईसीएल कुसमुंडा खदान में हादसा : मिट्टी समतल करने वाले डोजर में लगी आग



**कोरबा।** कोरबा जिले के एसईसीएल कुसमुंडा खदान में बुधवार को मिट्टी समतल करने वाले डोजर में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने तुरंत इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई। मौके पर तत्काल अधिकारी पहुंचे। इस बीच फायर ब्रिगेड को भी खबर कर दी गई। जिसके बाद दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा एसईसीएल पाली फेस में मिट्टी समतल करने का काम विभागीय डोजर से किया जा रहा था। इसी दौरान डोजर के इंजन से अचानक चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग लग गई। चालक प्रताप सिंह आग को देखकर तुरंत डोजर से नीचे कूद गया। उसने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी। इधर आग लगने की खबर से खदान में हड़कंप मच गया। मौके पर एसईसीएल का पानी टैंकर भी पहुंचा और आग पर काबू किया। आग से डोजर का इंजन, ऑयल, वायरिंग और चालक की सीट जल गई। आग पर काबू पाने तक लगभग पूरा वाहन जल चुका था। ड्राइवर ने कहा कि इंजन में गड़बड़ी के कारण आग लगी।

### प्रदेश के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से खरीद रहे हैं गोबर

# गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना, गोधन न्याय योजना की सफलता - बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई 4.62 करोड़ रुपए की राशि में से 4270 स्वावलंबी गौठानों द्वारा 2.88 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया तथा कृषि विभाग द्वारा 1.74 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। पिछले पखवाड़े में गोबर खरीदी के लिए प्रदेश के स्वावलंबी गौठनों ने कृषि विभाग की तुलना में अधिक राशि का भुगतान किया है। स्वावलंबी गौठानों द्वारा अब तक अपने संसाधनों से 29.61 करोड़ रूपए की राशि से गोबर की खरीदी की गई है।



मुख्यमंत्री श्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के अंतरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को 7 करोड़ 83 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया। इस राशि में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक गौठानों में गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि ऑन लाईन अंतरित की। इसी प्रकार गौठान समितियों को एक करोड़ 28 लाख रुपए तथा महिला समूहों के खाते में एक करोड़ 93 लाख रूपए की लाभांश राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक श्री अवनीश शरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव श्री गौरव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की गतिविधियों में युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। इससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार और आमदनी का अच्छा जरिया मिलेगा। बघेल ने कहा कि गौठानों में किसान स्वयं पैरादान कर रहे हैं। पैरादान के लिए किसानों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जब गौठानों में पशुओं के लिए चारा और पानी की व्यवस्था होगी, तो पशु खेती और सड़कों के बजाय गौठानों में रहेंगे। उन्होंने प्रदेश के अधिक से अधिक गौठानों में पैरा के बंडल बनाने के लिए बेलर मशीन उपलब्ध कराने के प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में ऐसे उत्पाद प्राथमिकता के आधार पर तैयार किए जाएं, जिनकी शासन को जरूरत है या जिनके मार्केट में अच्छी मांग है।

मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में बताया कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात के दौरान एक महिला ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट के लिए उपयोग में आने वाली बोरियों में उन्होंने प्रिंटिंग का काम कर 4 लाख रूपए की कमाई की है। उन्होंने कहा कि अच्छे उत्पादों को तैयार करने के लिए युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में एक मजबूत अर्थव्यवस्था खड़ी होगी, जो देश और दुनिया के लिए उदाहरण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की जा रही राशि लगातार बढ़ रही है। लोग गौठानों से जुड़ रहे हैं, गोबर और वर्मी कम्पोस्ट का महत्व समझ रहे हैं। भेंट-मुलाकात के दौरान कुछ गौठान समितियों ने स्वयं की राशि से आर्थिक गतिविधियों के लिए शेड बनाने की मांग की।

कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि प्रदेश में 11 हजार 252 गौठानों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 9 हजार 619 गौठान निर्मित किए गए हैं, इनमें से ग्रामीण क्षेत्रो में 8440 गौठान निर्मित किए गए हैं। इन गौठानों में से 4270 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन और वितरण का काम विभिन्न विभागों के समन्वय से किया जा रहा है।

आर.एन.आई. रजि. क्र. CHHHIN/2021/80529, स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक- शशांक शर्मा द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि., प्रेस कॉम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) 492001 से मुद्रित एवं 29/1110, सेवती स्मृति, आजाद चौक, रायपुर ( छ.ग. ) 492001 से प्रकाशित। संपादक-शशांक शर्मा, मो. 94255-20531.